# खेल मैदान से दूर नहीं हो रहीं अव्यवस्थाएं

## शासकीय कॉलेज के खेल मैदान में खड़ी झाड़ियां, खेल गतिविधियों में आ रही अड़चन

**खेल गतिविधियां संचालन करने में दिक्कतों का सामना**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 31 अक्टूबर, का. नगर के शासकीय कॉलेज परिसर में स्थित खेल मैदान में लम्बे समय से अव्यवस्थाओं का बोलबाला है. मैदान परिसर में आसपास बड़ी संख्या में झाड़ियां खड़ी है. जिसके कारण खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. खेल गतिविधियां संचालन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.**

विदित है कि नगर में खिलाड़ियों एवं खेल गतिविधियों के संचालन हेतु पब्लिक स्पोर्टस क्लब ग्राउण्ड एवं स्थानीय राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलेज में एकमात्र खेल मैदान है. परन्तु इन दोनों मैदान में अव्यवस्थाएं हावी रही है. वर्तमान में शासकीय कॉलेज के खेल मैदान में काफी तादाद में जंगली घास, झाड़ियां खड़ी देखी जा सकती है.

विदित है कि नगर में सार्वजनिक तौर पर पब्लिक स्पोर्टस क्लब ग्राउण्ड एवं शासकीय कॉलेज परिसर में स्थित खेल मैदान ही एकमात्र खेल गतिविधियों के लिए उपयुक्त मैदान है. इनमें भी कॉलेज ग्राउण्ड अधिक उपयुक्त और बेहतर मैदान माना जाता है परन्तु कॉलेज ग्राउण्ड पर मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. मुख्य रुप से जिन सुविधाओं का अभाव है उनमें खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रुम, टॉयलेट नहीं है तथा खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियो के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं होना है.

### मुंह चिढ़ा रहा सुविधाविहीन ग्राउण्ड

नगर के शासकीय कॉलेज ग्राउण्ड विशाल एवं खेल गतिविधियों की दृष्टि से काफी उपयुक्त है किंतु ग्राउण्ड पर मूलभूत सुविधाएं नहीं होने से खिलाड़ियों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है . सुविधा विहीन कॉलेज ग्राउण्ड मानों खिलाड़ियों, खेलप्रेमियों को सुविधा के नाम पर मुहं चिढ़ा रहा है .

### खेल गतिविधियां होती रहती हैं

कॉलेज के ग्राउण्ड पर प्राय: खेल प्रतियोगिताएं होती रहती है . विगत दिवस ही यहां जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी शमिल हुए . साथ ही प्रतिदिन बड़ी संख्या में खिलाड़ी खेल मैदान पर आते है . परन्तु मैदान पर अव्यवस्था के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है .

--------------

मौसम साफ होते ही ग्राउण्ड को व्यवस्थित किया जाकर मैदान के आसपास मौजूद झाड़ियों को हटाकर समतल किया जाएगा . रोलर द्वारा मैदान को व्यवस्थित कराया जायेगा .

**आर .के . गुप्ता**
**प्राचार्य, शासकीय कॉलेज ब्यावरा**

## एक नजर में

### तुलसी पौधों का वितरण आज



**ब्यावरा 31 अक्टूबर, का .** नगर के श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर तुलसी जी के पौधो का वितरण किया जाएगा . आज प्रात: 10 बजे मंदिर धाम पर तुलसीजी की पूजा-अर्चना, आरती पश्चात श्रद्धालुओं को पौधो का वितरण किया जाएगा . विदित है कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2014 से तुलसी जयंती पर तुलसी बीज का रोपण किया जाता है तथा देवउठनी ग्यारस पर मंदिर धाम से श्रद्धालुओं को पौधो का वितरण किया जाता है . हर घर, आंगन में तुलसी जी का पौधा हो इस उद्देश्य को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है . मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर धाम पहुंचकर पौधे प्राप्त करने का आग्रह किया गया है . उक्त जानकारी मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य जुगल किशोर गुप्ता टाटा वाले द्वारा दी गई .

### हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**राजगढ़ 31 अक्टूबर, का .** म .प्र . शासन के निर्देशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 नवम्बर, 2025 को मध्य .प्रदेश स्थाशपना दिवस हर्षोल्लास के साथ एवं समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है . जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृरष्टस विद्यालय में प्रात: 09 बजे से आयोजित किया जाएगा . समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे . कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है . मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद राजगढ़ को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्तक किया गया है . सभी जिला अधिकारी अपने स्टारफ के साथ अनिवार्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें . स्थापना दिवस के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्यि नागरिकों, उद्योगपतियों, व्य वसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरूओं, स्वयंसेवी संस्थामओं, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्रीक विद्यालयों एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों, जिले के स्वडतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीद सैनिकों के परिवारों तथा महत्वकपूर्ण उपलब्धि अर्जित करने वाले स्वासहायता समूह विशेष तौर पर आमंत्रित हैं .

### प्रात: 10 से 6 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद

**राजगढ़ 30 अक्टूबर, का .** कनिष्ठ यंत्री म .प्र .म . क्षे .वि .वि .क . लिमि . वितरण केन्द्र गिन्दौरहाट द्वारा बताया गया कि विकासखण्डी ब्यावरा के अंतर्गत आने वाले 33/11 के .व्ही . उपकेन्द्र सिलपटी पर एस .टी .सी . संभाग के द्वारा नवीन पीटीआर एवं केपीसीटर का कार्य किया जाना है, जिसके कारण निम्न फीडरो से संबंधित ग्रामों में प्रात: 10 बजे से 6 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। जिनमें गिन्दोरहॉट, सिलपटी, गोरधनपुरा, निवानिया, सेमली, तलेनी, भाटपुरा, बरखेडा, जेपला, जेपली, धान्याखेडी, लुहारी एवं इस फीडर पर आने वाले अन्य ग्रामों का विद्युत प्रदाय प्रभावित होगा . साथ ही आवश्यकता अनुसार समय बढाया व घटाया जा सकता है .

# दीपावली पर लगी सीरीज ने बुझा दी घर की ज्योति

## पांच वर्षीय बालिका की करंट लगने से मौत



**सारंगपुर 31 अक्टूबर, सं.** ब्लॉक के ग्राम कालूखेड़ा में गुरुवार शाम के समय घर पर लगी विद्युत सीरीज को छूने से 5 वर्षीय बालिका की करंट लगने से मौत हो गई. बालिका आपने घर मे खेल रही थी इसी दौरान विद्युत सीरीज लाईट के तार के छूने से उसको करंट लग गया. परिजन तुरंत ही शासकीय सिविल अस्पताल लाये जहा पर डॉक्टर की टीम ने बालिका की जांच कर उसको मृत्यु घोषित एस आई गोटीराम परसते ने बताया की ग्राम कालूखेड़ा निवासी ऋ षिका पाटीदार पिता बबलू पाटीदार उम्र 5 वर्ष अपने घर पर खेलते समय दीपावली की लाईट विद्युत के तार से करंट लग गया. जिसे परिजन तुरंत ही सिविल अस्पताल लाये जहां पर डॉक्टर के टीम ने बालिका की जांच कर उसकी मृत घोषित कर दिया. परिजनों द्वारा पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताएं कि हम बालिका का पोस्टमार्टम नहीं करना चाहते हैं. बालिका शहर के श्री सत्य साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा एलकेजी में पढ़ाई करती थी. शुक्रवार को श्री सत्य साईं स्कूल के संचालक विष्णु सिसोदिया, सहित स्कूल के स्टाफ ने 2 मिनट का मौन रखकर बालिका को श्रद्धांजलि दी.

### तीन दिन बंद रहेगी मंडी

**ब्यावरा 31 अक्टूबर, का.** स्थानीय कृषि उपज मंडी में आज से तीन दिन तक अवकाश रहेगा. कृषि उपज मण्डी समिति के अनुसार आज 1 नवंबर को देवउठनी ग्यारस होने, 2 नवंबर को रविवार बैंक बंद होने तथा 3 नवंबर सोमवार को साप्ताहिक अवकाश होने के चलते कृषि मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा.मंडी प्रबंधन द्वारा किसान बंधुओं से इन अवकाश के दिनों में अपनी उपज मंडी में नहीं लाने का आग्रह किया गया है.

# दुर्घटना का कारण बन रहे स्पीड ब्रेकर




**डामर के बने स्पीड ब्रेकर नजर नहीं आते हैं**

**आये दिन दुपहिया वाहन हो रहे दुर्घटनाग्रस्त**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 31 अक्टूबर, का. नगर सहित राजगढ़ रोड एवं अन्य जगहों पर वाहनों की गति को नियंत्रित करने तथा दुर्घटनाओं को रोकने बनाए गये डामर के स्पीड ब्रेकर स्वयं दुर्घटनाओं का कारण बन रहे है. डामर की ही सड़क पर इन स्पीड ब्रेकर के नजर नहीं आने से आये दिन दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है.**

विदित है कि नगर में स्थानीय राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलेज के सामने सहित तीन-चार स्थानों तथा अन्य मार्गो पर स्पीड ब्रेकर है. किंतु डामर से बने यह स्पीड ब्रेकर से एकाएक वाहन चालक दिग्भ्रमित हो जाते है. समीप आने पर जब स्पीड ब्रेकर दिखाई देते है और ब्रेक लगाया जाता है तो वाहन अनियंत्रित होकर फिसल जाते है. शुक्रवार को भी कॉलेज के सामने स्पीड ब्रेकर पर वाहन अनियंत्रित होने का मामला सामने आया.

### बना रहता है जोखिम

इस तरह के अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकर के कई दुपहिया वाहन चालक वाहन अनियंत्रित होने से चोटिल तक हो चुके है. रात के अंधेरे में यह स्पीड ब्रेकर बिलकुल नजर नहीं आते है जिससे खतरा और बढ़ जाता है. जबकि स्पीड ब्रेकर पर थर्मोप्लास्टिक पेंट किया जाता है ताकि यह दूर से ही नजर आ जाये.

स्पीड ब्रेकर व्यवस्थित किया जाकर इन्हें सुरक्षित करवाया जाएगा . स्पीड ब्रेकर पर थर्मोप्लास्टिक पेंट कराया जायेगा ताकि दूर से ही वाहन चालको को स्पीड ब्रेकर नजर आ सके .

**पी .एन . धनवाल**
**एसडीओ**
**पीडब्ल्यूडी विभाग ब्यावरा**

### जिले में राहत राशि वितरण की वस्तुस्थिति

**राजगढ़ 31 अक्टूबर, का.** संयुक्तं कलेक्टूर वीरेन्द्र सिंह दांगी ने बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा 18 अक्टूबर को ब्यावरा से राजगढ़ जिले के किसानों के खाते में 277 करोड़ रुपए सोयाबीन की राहत राशि का अंतरण प्रारंभ किया गया था. कुल 1152 ग्रामों में 170 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जाकर किसानों के खाते में 117 करोड रुपए की राशि डाली जा चुकी हैं, जो शीघ्र ही एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कर ली जाएगी. उक्त कार्य को जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है. किसान भाइयों से अपील है कि जैसे-जैसे बिल जिला कोषालय में लगे रहे हैं, वैसे-वैसे किसान भाइयों के खाते में राहत राशि के पैसे आते जाएंगे.

# अधिवक्ता की फर्जी सील से बना रहे थे नोटरी

## राजगढ़ निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता की फर्जी सील बनाई



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 31 अक्टूबर, का. ब्यावरा के नवीन तहसील परिसर में एक दस्तावेज लेखक द्वारा राजगढ़ निवासी एक वरिष्ठ अधिवक्ता के नाम की फर्जी सील लगाकर नोटरी किए जाने का मामला प्रकाश में आई है.**

पुलिस के अनुसार स्थानीय तहसील परिसर में दस्तावेज लेखक दिलीप व्यास एवं उनके बेटे द्वारा राजगढ़ निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता प्रहलाद सिंह पंवार के नाम से फर्जी सील और साइन के द्वारा नोटरी तैयार की जा रही थी.

इस फर्जीवाड़े की जानकारी जब अधिवक्ता प्रहलाद सिंह पंवार को लगी तो उन्होंने पुलिस अधीक्षक से इस मामले की शिकायत की. एसपी द्वारा राजगढ़ से एक विशेष टीम यहां भेजी गई. टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र को हिरासत में लिया. पुलिस ने इनके पास से फर्जी सील, नोटरी सामग्री और हरे कागजों पर लगे नकली हस्ताक्षर जब्त किए है. यह मामला ब्यावरा देहात थाना क्षेत्र का है. पुलिस द्वारा फर्जीवाड़े की जांच की जा रही है.

इस संबंध में एसडीओपी प्रकाश शर्मा का कहना है कि इस मामले में देहात पुलिस ने संबंधित के विरुद्ध धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस द्वारा अभी इनसे पूछताछ की जा रही है.

### विजेताओं को मिला पारितोषिक

**नरसिंहगढ़** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस प्रशासन द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया . मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा विशेष अतिथि अनुविभागीय अधिकारी सुशील कुमार, एसडीओपी मनीषा शुक्ला, मंदिर श्री जमात के महंत दीपेंद्र दास, टीआई शिवराज सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, सत्येंद्र सिंह राठौड़, रमेश मालवीय तथा लक्ष्य भेद फिजिकल ग्रुप के संचालक मनीष चोपड़ा, पत्रकार कपिल वैध सहित गणमान्यजन मौजूद रहे . दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को प्रोत्साहित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने धावकों को 5-5 हजार रुपए का देने की घोषणा की .

# महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 31 अक्टूबर, का. स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया. सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया.**

प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई. उन्होंने सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला. एनएसएस अधिकारी डॉ के एन मीना ने श्री पटेल का भारत की एकता अखंडता सुरक्षा आदि में उनका अमूल्य योगदान बताया. डॉ दिलीप कुमार गुप्ता ने कहा है कि वे अखंड राष्ट्र के शिल्पकार एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे. जिन्होंने करीब 560 रियासतों को एकीकृत करके राजनीतिक इकाई का निर्माण किय. प्रो अरविन्द भारद्वाज, डॉ मनींद्र रघुवंशी, एनसीसी अधिकारी प्रो हेमंत कुमार शर्मा ने उनके आदर्शों विचारों और उनकी दूरदर्शिता की चर्चा कर अपने विचार रखें. एनएसएस के दलनायक सागर सेन एनसीसी के एसीओ राधेश्याम यादव आदि ने भी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आधारित प्रेरणास्पद विचार प्रस्तुत किये. तत्पश्चात रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया. इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में महाविद्यालयीन परिवार के साथ-साथ एनएसएस एनसीसी और अन्य विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें.



# शिव मंदिर पर भजन संध्या छप्पन भोग का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 31 अक्टूबर, सं.** आंवला नवमी पर के अवसर पर पाठशाला के गुरू महाराज श्री श्री 108 बालकनाथ जी महाराज के सानिध्य में गुरुवार रात को सदर बाजार स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष की भांति प्रतिष्ठित व्यवसाई उमाशंकर धर्मेंद्र नीरज अग्रवाल परिवार की ओर से भगवान भोलेनाथ को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया. वही रात आठ बजे महाआरती पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। इसके पश्चात गुरु महाराज बालकनाथ जी सहित उपस्थित सभी साधू संतो कबीर पंथी साध्वियों का चरण वंदन कर हार फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया.इस दौरान मंदिर परिसर में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देने जिले के पचोर निवासी विपिन नामदेव चाटुखेड़ा के सतीश अग्रवाल आदि कलाकार भी पहुंचे जिन्होंने देर रात तक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी. समूचे मंदिर परिसर में फूलो से आकर्षक सजावट के साथ विद्युत सजावट की गई. इस मौके पर मप्र सरकार के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र यादव, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम दांगी, दिलवर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, अमित शर्मा सहित जिलेभर से गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व्यवसाई समाजसेवी बड़ी तादाद स्थानीय श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया.

# नाबालिग को इटारसी से बरामद किया

**राजगढ़ 31 अक्टूबर, का.** थाना प्रभारी कालीपीठ जितेन्द्र अजनारे के नेतृत्व में थाना कालीपीठ पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की है. गत 25 अक्टूबर 2025 को फरियादी द्वारा थाना कालीपीठ पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग बालिका (उम्र 16 वर्ष) को कोई अज्ञात व्यक्ति बहलाङ्कफुसलाकर भगा ले गया है. थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका एवं आरोपी की सतत तलाश की जा रही थी. लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप 29 अक्टूबर को पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को इटारसी रेलवे स्टेशन, जिला नर्मदापुरम से दस्तयाब कर सुरक्षित रूप से परिजनों को सुपुर्द किया तथा आरोपी विजय पिता रामबाबू गौड़, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम चांटा, थाना देहात ब्यावरा को गिरफ्तार किया गया.

**सम्मेलन** भैंसवा माताजी मंदिर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जिला स्तरीय महिला सम्मेलन संपन्न

# नारी अपने आत्मबल से परिवार को एकजुट रखती है




**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 31 अक्टूबर, सं. शुक्रवार को भैंसवा माताजी मंदिर परिसर स्थित सत्संग हॉल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल उपस्थित रहे. विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिला मंत्री जगदीश नगर, मंडल अध्यक्ष विनोद पाटीदार, गिरवर भंडारी, महेश पुष्पद, शेखर शर्मा, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, सीमा सिंह जद्दोंन प्रदेश संयोजक, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोना सुस्तानी, भारत जिला संयोजक बबीता जुलानिया, अनिता दुबे, माधवी परमार, पूजा सौधिया, सरिता सहगल अमिता मंडलोई, कुसुम भारतीय, सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं जिले भर से आई मातृशक्ति उपस्थित रही.

शुभारंभ माँ बिजासन देवी की आरती, पूजन-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इस मौके पर राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि नारी में देवताओं का वास होता है, नारी ही नारायणी है, इसीलिए वह पूजनीय है. नारी ही वह शक्ति है जो अपने आत्मबल से परिवार को एकजुट रखती है और आत्मनिर्भर बनाती है. महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री मातृ-शिशु स्वास्थ्य योजना, कन्या विवाह योजना तथा महिला स्व-सहायता समूह मिशन की जानकारी देते हुए महिलाओं से आव्हान किया कि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें.

विशेष अतिथि मोहन नागर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी साकार होगी, जब मातृशक्ति आत्मनिर्भर बनेगी. आज भारत की बेटियाँ रक्षा, विज्ञान, प्रशासन, खेल और उद्यमिता हर क्षेत्र में नया इतिहास रच रही हैं.

मंत्री पंवार ने कहा कि माता शतरूपा, सीता, अनसूया, द्रौपदी, अहिल्याबाई होलकर, रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, सरोजिनी नायडू जैसी महान विभूतियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है. हमे उनसे सीख लेना चाहिए.

समापन अवसर पर मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने महिलाओं को सम्मानित किया और मातृशक्ति से यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि हर बेटी शिक्षित बने, हर माँ स्वस्थ रहे, हर बहन आत्मनिर्भर बने और हर नारी को समान सम्मान मिले.